## एक नजर में

### ई-टोकन से होगा उर्वरक वितरण, किसानों को मिलेगी पारदर्शी और समयबद्ध सुविधा

**रतलाम।** किसानों को पारदर्शी, सुगम एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण किया जा रहा है। ई-टोकन प्राप्त करने हेतु किसानों को एमपीएफआर पोर्टल (एमपीएफआर पोर्टल) के फार्मर कॉर्नर में मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। लॉगिन के बाद आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी से आधार सत्यापन किया जाएगा, जिसमें नाम मैच स्कोर 80 प्रतिशत से अधिक होना अनिवार्य है। मोबाइल नंबर का भी सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद पीएम किसान सम्मान निधि पात्रता हेतु हाँ/नहीं विकल्प का चयन कर फेच लेंड डिटेल पर क्लिक कर सर्वे नंबर जोड़े जाएंगे। आधार से भूमि स्वामी का नाम मिलान न्यूनतम 20 प्रतिशत होना आवश्यक है। भूमि विवरण जोड़ने के बाद वेरीफिकेशन ऑल लेन पर क्लिक कर समग्र आईडी दर्ज करनी होगी। सहमति बॉक्स पर क्लिक कर पुनः आधार ओटीपी के माध्यम से फाइनल सबमिट करना होगा। ई-टोकन देखने के लिए किसान को फार्मर आईडी बनाना आवश्यक है, जिसमें सभी सर्वे नंबर जोड़ना होंगे। इस कार्य हेतु संबंधित पटवारी से संपर्क किया जा सकता है। ई-टोकन जनरेट करने के लिए किसान वेबसाइट पर लॉगिन कर आधार एवं मोबाइल ओटीपी से सत्यापन करेंगे। इसके पश्चात एग्री-स्टैक से भू-अभिलेख देखकर विक्रेता (सहकारी या नगद विक्रय केंद्र) का चयन, फसल का चयन तथा उर्वरक की मात्रा की गणना कर ई-टोकन जनरेट किया जाएगा। उर्वरक प्राप्त करने के लिए किसानों को संबंधित उर्वरक विक्रेता के यहाँ ई-टोकन दिखाकर उर्वरक खरीदना अनिवार्य होगा।

### बंशीलाल काबरा का नेत्रदान : दो दृष्टिहीनों के जीवन में आएगा उजियारा

**रतलाम।** टीआईटी रोड निवासी स्वर्गीय बंशीलाल काबरा के निधन के उपरांत उनके परिजनों द्वारा नेत्रदान कर मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की गई। इस पुण्य कार्य से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्राप्त होगी, जिससे उनके जीवन में नया प्रकाश आएगा। दिवंगत के पुत्र प्रीतम माहेश्वरी, मुकेश काबरा एवं अन्य परिजनों को इस नेक कार्य के लिए चंद्रप्रकाश शारडा, मनीष तोतला एवं सुनील डागरा ने प्रेरित किया। नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि परिजनों की सहमति मिलते ही रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी गई। उनके निर्देशन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर राजवंत सिंह, विनोद कुशवाह ने दीपक चौहान के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि दिवंगत के निवास स्थान तक मेडिकल टीम को पहुँचाने एवं पुनः मेडिकल कॉलेज लाने की संपूर्ण व्यवस्था नेत्रम संस्था के सदस्य सुशील मीनू माथुर द्वारा अपने निजी वाहन से की गई। नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान परिवारजन, रिश्तेदार, मित्र एवं समाजजन उपस्थित रहे। उन्होंने कॉर्निया संरक्षण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा, इससे जुड़ी भ्रांतियों को समझा तथा भविष्य में स्वयं भी नेत्रदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नेत्रम संस्था के सदस्य शीतल भंसाली, आशीष काबरा, ओमप्रकाश अग्रवाल, भगवान ढलवानी, प्रशांत व्यास, शलभ अग्रवाल, रतन हंसराजानी सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था द्वारा दिवंगत के परिजनों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उदारता एवं सहृदयता का सम्मान किया गया।

### नमो ग्रुप फाउंडेशन के रवि प्रजापत जिलाध्यक्ष बने

**रतलाम।** नमो ग्रुप फाउंडेशन वद्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रवि प्रजापत को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन में नई ऊर्जा, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के विस्तार का प्रतीक है। प्रदेश महामंत्री अशोक गुर्जर की अनुशंसा पर यह निर्णय लिया गया, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चौहान, राष्ट्रीय महासचिव मेहर्षि देसाई एवं राकेश भावसार की सहमति प्राप्त हुई। इसके पश्चात प्रदेशाध्यक्ष रोशन वर्मा द्वारा नियुक्ति को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। नमो ग्रुप के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति को लेकर हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि प्रजापत को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संगठन के सदस्यों ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे नमो ग्रुप के सुदृढ़ भविष्य की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम बताया

### स्वास्थ्य परीक्षण के साथ महाविद्यालय प्राचार्य को भेंट किए डस्टबिन

**जावरा।** ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत भगतसिंह महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिवर आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भगतसिंह महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण व महाविद्यालय के प्राचार्य को डस्टबिन भी दिए गए। स्वास्थ परीक्षण में आंखों की जांच, ब्लड ग्रुप टेस्ट, सुगर टेस्ट, ब्लेड प्रेशर जांच आदि की गई। कार्यकम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रतलाम अध्यक्ष प्रीतेश गादिया, कोषाध्यक्ष संजय लुनिया, कॉलेज प्राचार्य एजी पठान, ब्लॉक समन्वयक युवराजसिंह पंवार, रेडक्रॉस चेयरमैन वीरेंद्र सिसोदिया केवी, विद्या तिवारी अतिथि थे। संस्था के पदाधिकारी कायक्रम संयोजक धर्मेंद्रसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, भूपेंद्र सारदा, नंदकिशोर मांदलिया, मुकेश भाटी, नरेश मारवाड़ी नवांकुर संस्था अध्यक्ष पार्षद शिवेंद्र माथुर, अरुण राव, अंसार खान, साहिल राठौड़ उपस्थित थे। सीविल अस्पताल जावरा के भारतसिंह सोलंकी, विनोद पाटीदार, राजेश गोस्वामी, सिस्टर स्वीटी झाला, प्रियंका कछावा ने अपनी सेवाएं दी। संचालन शिवेंद्र माथुर, आभार कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने माना।

# आवास योजना की नहीं दी पूरी जानकारी, सीएमओ को नोटिस

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 2.0 के संबंध में आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत नहीं करने के कारण सीएमओ पिपलोदा को नोजिटस जारी किया जा रहा हैं। उन्होंने अधूरी जानकारी प्रस्तुत की थी।

- जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक संपन्न
- कलेक्टर ने दिए जनहित के निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश



कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला शहरी विकास अभिकरण अंतर्गत नगर पालिका परिषद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा शासकीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 2.0 के संबंध में आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत नहीं करने के कारण सीएमओ पिपलोदा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के लिए पी ओ डूडा को निर्देशित किया। सभी प्रकार की पेंडेंसी संबंधी जानकारी कारण सहित प्रस्तुत करने, पात्र लोगों को पात्र घोषित करने अपात्र लोगों को अपात्र घोषित करने तथा जिनको होल्ड पर रखा गया है, उनकी जानकारी देने के लिए एक सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की गई। बड़ावदा, पिपलोदा और सैलाना क्षेत्र के लिए इंजीनियर की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में परियोजना अधिकारी अरुण पाठक द्वारा जिले में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, बी एल सी घटक 1.0, बी एल सी घटक 2.0, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, अमृत योजना 2.0, स्वच्छ सर्वेक्षण, स्वच्छ भारत मिशन, गीता भवन निर्माण कार्य, विभिन्न योजनाओं में भूमि आवंटन संबंधी कार्य की प्रगति, एसबीएम अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा, अनधिकृत कॉलोनी की जानकारी का नगरीय निकायवार प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण कार्यों में रिकवरी संबंधी कार्यवाही की जाए, इस संबंध में न्यायालय कलेक्टर द्वारा तहसीलदार को जानकारी दी जाए तथा आरआरसी के प्रकरणों का प्रस्ताव भेजें। उन्होंने सभी अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।

**पेयजल को लेकर निर्देश, जीरो टॉलरेंस नीति पर काम हो**

अमृत 2.0 योजना अंतर्गत समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि नई पेयजल संबंधी निर्माण कार्य करते समय सीवरेज के आसपास पानी की पाइपलाइन नहीं डाले, इस संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जाए। पेयजल संबंधी निर्माण कार्य करते समय घर के आसपास सेप्टिक टैंक ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। तालाब निर्माण संबंधी समस्त कार्य बारिश होने से पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं। तालाब के कार्यों में रिचार्ज शाफ्ट के साथ रेन वाटर रिचार्ज का भी कार्य कराया जाए। विभिन्न योजनाओं में भूमि आवंटन के संबंध में आ रही दिक्कतों के लिए सोमवार को आयोजित होने वाली नजूल की बैठक में जानकारी प्रस्तुत की जाए, ताकि राजस्व विभाग के माध्यम से समस्या का निराकरण हो सके। गीता भवन निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पुराने एवं अनुपयोगी जर्जर भवनों को गिराया जाए और उसकी जमीन का उपयोग शासकीय नियम अनुसार फॉरेस्ट पी डब्ल्यू डी, विद्युत, फायर और टीएमसी की एन ओ सी प्राप्त करके किया जाए। अनाधिकृत कॉलोनी के संबंध में सर्वे कराकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।



## महिलाओं-पुरुषों ने भजनों पर किया नृत्य

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** गीता रोड स्थित गीता मंदिर पर बुधवार को दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक एकादशी संकीर्तन रखा गया। इस संकिर्तन के गोविंद आशीष राठी एवं राठी परिवार द्वारा रखा गया।

पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा द्वारा कर्मा बाई के सुंदर भजनों के साथ भजनों की प्रस्तुति दी गई। थाली भरकर बयाई रे खिचड़ो। उपर घी की बाटकी। जीमो म्हारा श्याम छजी। जिमावे बेटी जाट की। जैसी प्रस्तुति दी गई। इसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने भजनों का आनंद लेते हुए नृत्य किया नारायण धुन के साथ आरती कर प्रसादी वितरण की गई। इस संकीर्तन में नीला ठक्कर, प्रतिभा ठक्कर, निर्मल चौधरी, रुक्मणी शर्मा, सुलोचना शर्मा, सीमा व्यास, जया चंद्रावत, सुनीता महेश्वरी सुनीता मिश्रा कीर्ति व्यास सरस्वती राठी ललिता महेश्वरी, कमलेश व्यास, सुनील भट्ट, सत्यनारायण मंत्री, बाबूलाल चौधरी, दीपक अग्रवाल, जय सिंह कुशवाह, संतोष बैरागी, आकाश सोनी, गोपाल पालीवाल, हरीश रत्नावत, ओमप्रकाश फड़क्या, गोपाल जोशी, उत्सव अरोरा, रामचंद्र शर्मा, संजय व्यास आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अगला एकादशी संकीर्तन 29 जनवरी 2026 गुरुवार को जया एकादशी पर रहेगा।

## जिले में चलेगा कुपोषित बच्चों की पहचान का विशेष अभियान

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया के मार्गदर्शन में जिले की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 12 जनवरी से 21 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिले की सभी 10 परियोजनाओं एवं 67 सेक्टरों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये जिले की कुल 2131 आंगनबाड़ी केंद्रों में अभियान की सतत निगरानी करेंगे। अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन बच्चों का वजन लेने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के पहले दो दिनों, 12 एवं 13 जनवरी को आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 1,31,982 बच्चों में से 25,589 बच्चों का वजन लिया गया। इस अभियान का उद्देश्य आंगनवाड़ियों में बच्चों का सही वजन लेकर कुपोषित बच्चों की पहचान करना है।

## लेन-देन के विवाद में चलाए लाठी और डंडे पुलिस ने 9 को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

**रतलाम।** पुलिस ने वीडियों सामने आने के बाद लेन-देन के विवाद में लाठी और डंडे चलाने वाले आरोपियों का जुलूस निकाला। मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया हैं। सभी पर शांति भंग के आरोप में केस दर्ज किया।

**वीडियो के आधार पर किया शांति भंग करने का मामला दर्ज**

सोमवार रात स्टेशन रोड थाने के पीछे पुलिस लाइन में युवाओं के दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। जमकर लात घूंसे व लाठियां चली थी। मारपीट का वीडियो सामने आया था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने 9 लोगों को पकड़ा। बुधवार शाम मारपीट करने वालों का पैदल जुलूस के रूप में थाने से बाहर तक लाए। बता दे कि विवाद का वीडियो सामने आया था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने 9 लोगों को पकड़ा। बुधवार शाम मारपीट करने वालों का पैदल जुलूस के रूप में थाने से बाहर तक लाए। फिर पुलिस वाहन में बैठकर एसडीएम कोर्ट लेकर गए। पुलिस के अनुसार विवाद और मारपीट का कारण आपसी लेनदेन का सामने आया है। शहर में शांति भंग के आरोप में पुलिस ने दोनों पक्षों के 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में लिया है। जिन्हें बुधवार शाम 4.15 बजे थाने से एसडीएम कोर्ट में लेकर गए।

**इनको किया गिरफ्तार**



एक पक्ष के विनोद पिता लक्ष्मणसिंह कछावा निवासी बंजली, सुनिल पिता भंवरलाल परिहार निवासी बंजली, अमितसिंह पिता बलवंतसिंह चौहान निवासी रेवास जावरा, आयुष पिता मुन्नालाल प्रजापति निवासी बंजली को पकड़ा। जबकि दूसरे पक्ष के भरत पिता अमरलाल केवट निवासी बजरंग नगर रतलाम, लखन पिता आनंदीलाल बोहरा निवासी टाटा नगर रतलाम, विनित पिता दिनेश चंद्र पांचाल निवासी गंगासागर रतलाम, लोकेंद्र पिता करणसिंह राठौर निवासी श्रीमालीवास रतलाम एवं विनायक पिता संजय चौहान निवासी टाटा नगर रतलाम को हिरासत में लिया।

## सैलाना में शुद्ध पेयजल वितरण के लिए अभियान शुरू

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर में शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के लिए नगर परिषद दृढ़ संकल्पित हैं। कुछ वार्डों में नवीन पाइप लाइन डालने का कार्य जारी हैं। पुरानी पाईप लाईन से जल प्रदाय के दौरान अगर कहीं लीकेज की सूचना प्राप्त होती हैं तो परिषद के कर्मचारी तुरंत पहुंच कर लीकेज ठीक करते हैं। जल विभाग का सम्पूर्ण अमला पूरी तरह सचेत हैं। नगरवासियों को शुद्ध जल वितरण हो, इसके लिए युद्ध स्तरीय प्रयास चौबीसों घंटे चलते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला और मुख्य नगरपरिषद अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि निकाय द्वारा बायपास टंकी से देवरी मोहल्ले तक नवीन पाईप लाईन बिछाने का कार्य तेज गति से चल रहा हैं। कुछ ही दिनों में ये कार्य पूर्ण हो जाएगा। इससे वार्ड क्रमांक 4,5,6,7,8, और 11,12 के रहवासियों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में जल वितरण हो सकेगा।

**24 घंटे चलेगा काम, शिकायत पर लीकेज किए जा रहे ठीक**

**निकाय निधि एवं अमृत योजना 2 के तहत भी कार्य जारी:** अध्यक्ष और सीएमओ ने बताया कि नगर के कुछ वार्डों में निकाय निधि एव अमृत योजना 2 के अन्तर्गत भी नवीन पाईप लाईन बिछाने का काम द्रुत गति से चल रहा हैं। आगामी दिनों में व्यवस्था ओर अधिक सुदृढ़ होगी। फिलहाल पुरानी पाईप लाईन से और जरूरत पड़ने पर टैंकरों से जल वितरण किया जा रहा हैं।

**साफ सफाई पर पूरा ध्यान:** अध्यक्ष और सीएमओ ने बताया कि पेयजल टंकी की साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जाता हैं। समय समय ओर टंकी सफाई कराई जाती हैं। पानी में पर्याप्त मात्रा में एलम और ब्लचिंग पावडर डाला जाता हैं। शुद्ध जल वितरण के हर संभव कोशिश नगर परिषद के जल विभाग करता हैं।

**ये की लीकेज की निगरानी की व्यवस्था**



अध्यक्ष, सीएमओ ने बताया कि जल वितरण के समय जल विभाग के कर्मचारी वितरण क्षेत्र में घूम घूम कर निगाह रखते हैं कि कहीं लीकेज की कोई समस्या तो नहीं। लीकेज की जानकारी प्रकाश में आते ही तत्काल जल प्रभारी को सूचित किया जाता हैं। फिर तुरंत वहां टीम पहुंच कर लीकेज सुधारने का काम करती हैं। तब तक सप्लाई रोक देते गई हैं।

## किराना सामान के रुपए को लेकर दो पक्षों में विवाद

**आलोट।** लेन-देन को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। जिले के आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी में किराना सामान के रुपयों की लेन-देन को लेकर विवाद हुआ। आलोट पुलिस के अनुसार लेन-देन को लेकर विवाद और मारपीट के साथ ही जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी निवासी प्रकाश पिता कान्हा बलाई का आकाश उर्फ छोटू पिता गोपाल राव से विवाद हो गया। आकाश ने प्रकाश के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर आलोट पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। वहीं दूसरी ओर से फरियादी बने आकाश राव ने पुलिस को बताया कि उधारी के रुपयों की बात को लेकर प्रकाश से विवाद हो गया। विवाद में प्रकाश ने बेटे के साथ मिलकर आकाश के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## पुलिस के कार्य में बाधा डालने पर ट्रैक्टर चालक सहित परिजनों पर प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस के कार्य में बाधा डालने को लेकर कार्रवाई हुई। मामले में ट्रैक्टर चालक सहित परिजनों पर भी प्रकरण दर्ज किया गया हैं। बताया जा रहा है कि थाना रावटी पर पदस्थ उप निरीक्षक प्रेम सिंह हटीला एवं सहायक उप निरीक्षक पारसिंग सिंह वसुनिया सर्किल भ्रमण पर थे।

इस दौरान तेजाजी मंदिर के सामने तलाई चौराहा की ओर से एक ट्रैक्टर चालक लहराते हुए ट्रैक्टर चलाकर आ रहा था। पुलिस ने हमराह फोर्स की सहायता से ट्रैक्टर को साइड में खड़ा करवाया। जांच के दौरान चालक शराब के नशे में पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुन्नालाल पिता मांगू गण (उम्र 26 वर्ष), निवासी देवल, रावटी बताया। चालक को आरक्षक अवधेश परमार, आरक्षक सुरेंद्र राठौर एवं सैनिक संतोष सिंगाड़ की सहायता से थाने ले जाते समय चालक एवं उसके परिजनों द्वारा पुलिस के कार्य में बाधा डालते हुए उप निरीक्षक प्रेम सिंह हटीला एवं सैनिक संतोष के साथ खींचतान की गई, जिससे चालक को थाने लाने में परेशानी हुई। हमराह फोर्स द्वारा समझाइश देकर चालक एवं परिजनों को थाने ले जाया गया। चालक का मेडिकल परीक्षण कराया गया एवं चालक व उसके परिजनों के विरुद्ध थाना रावटी में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

**नशे में था ट्रैक्टर चालक:** पुलिस ने हमराह फोर्स की सहायता से ट्रैक्टर को साइड में खड़ा करवाया। जांच के दौरान चालक शराब के नशे में पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुन्नालाल पिता मांगू गण (उम्र 26 वर्ष), निवासी देवल, रावटी बताया।

## अंधत्व निवारण जागरूकता रैली का हुआ शुभारंभ

**जावरा।** नेत्र ज्योति के लिए नेत्र चिकित्सालय आवश्यक है, वैसे ही आत्मा की ज्योति के लिए व्यास गादी आवश्यक है। यह संदेश क्षेत्र के कथावाचक गुरुदेव पं. भीमाशंकर शास्त्री धारियाखेड़ी ने दिया। वे लायंस इंटरनेशनल 'साइट फर्स्ट' अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशाल अंधत्व निवारण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कर रहे थे। इस रैली का आयोजन लायंस क्लब एवं लायंस नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रैली के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी व पूर्वाध्यक्ष डॉ.एचएस राठौर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था की ओर से गुरुदेव का शाल, श्रीफल एवं रुद्राक्ष माला भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। साथ ही सभी अतिथियों का शाल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पं. शास्त्री ने कहा कि जिस प्रकार नेत्र चिकित्सालय आंखों को रोशनी प्रदान करता है, उसी प्रकार व्यास गादी आत्मा को शुद्ध कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को अत्यंत पुण्यकारी बताते हुए रैली में उपस्थित लायन सदस्यों, चिकित्सालय कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन यश जैन अधिवक्ता, ने कहा कि क्लब का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है, जिसमें अंधत्व निवारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि विगत छह माह में लगभग 48 हजार नेत्र रोगियों की जांच की जा चुकी है तथा करीब 4 हजार मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न किए गए हैं।

**नेत्र ज्योति के लिए नेत्र चिकित्सालय आवश्यक, वैसे ही आत्मा की ज्योति के लिए व्यास गादी है आवश्यक**





**घर-घर पेंपलेट किए वितरित:** रैली को प्रभावी बनाने हेतु प्रतिभागियों के हाथों में अंधत्व जागरूकता एवं बचाव संबंधी प्रेरणादायी स्लोगन की तख्तियां थीं। साथ ही रैली के दौरान घर-घर जाकर ग्लूकोमा, मोतियाबिंद से बचाव तथा भविष्य में नेत्र सुरक्षा संबंधी जानकारी देने हेतु जागरूकता पेंपलेट भी वितरित किए गए, जिससे आमजन को समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया जा सके।

## उर्दू विषय में रोजगार पर व्याख्यान आयोजित

**जावरा।** स्थानीय भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एजी पठान के मार्गदर्शन में उर्दू विभाग द्वारा उर्दू विषय में रोजगार के अवसर विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि विषय विशेषज्ञ द्वारा इस तरह के व्याख्यान का आयोजन विषय की रुचि को बढ़ता है एवं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाता है। प्रमुख वक्ता डॉ असरार उल्लाह अंसारी ने उर्दू विषय में रोजगार के विभिन्न अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा, मीडिया, सेना के साथ साथ विभिन्न मंत्रालय एवं संस्थानों में अनुवादक के रूप में उर्दू के विद्यार्थियों की आवश्यकता होती है। फिल्म की दुनिया और समाचार पत्रों में भी उर्दू विषय के विद्यार्थियों की बड़ी मांग है। क्योंकि उर्दू जबान बहुत मीठी और आकर्षक होती है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नारायण पाटीदार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में अध्यनरत उर्दू स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**पर्व** — शहर व ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

## आस्था, उमंग व उत्साह का समागम, उड़ाई पतंग, खेले गिल्ली-डंडा



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मकर संक्रांति का पर्व शहर और आसपास के ग्रामीण अंचल में पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से दोपहर और शाम तक मालवा क्षेत्र में गिल्ली डंडे का खेल जोरो पर रहा। कही-कही अवकाश और मकर संक्रांति पर्व को लोगो ने क्रिकेट के खेल के साथ भी मनाया। धर्मालुओं ने गौशालाओं में पशुओं को चारा, तिल व गुड़ के लड्डु खिलाकर धर्म लाभ लिया। घरो में तिल गुड़ के मिष्ठान के साथ ही खिचड़ा बनाकर लोगो ने ग्रहण किया। यूं तो मकर संक्रांति का पर्व वर्ष में हर बार 14 जनवरी को निश्चित तिथि को ही मनाया जाता है। अन्य त्योहारों में तिथियों की घट-बढ़ हो सकती है किंतु सूर्य के उत्तरायण होने की तिथि निश्चित है। इसी दिन को हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व के रूप में परंपरा से मनाया जाता रहा है।

**बच्चों में खासा उत्साह**

बच्चो में गिल्ली डंडे खेलने का उत्साह यूं तो पिछले कई दिनों से देखने को मिल रहा था किंतु मकर संक्रांति के दिन उन्हे विशेष छूट रहती है। वे अपने दोस्तों के साथ मिलकर गिल्ली डंडे खेलने में इतने मशगुल रहे कि स्कूल से आने के बाद होमवर्क की तरफ उनका ध्यान तक नही गया। रात के समय जब थकान हो जाती है तब उन्हे होमवर्क याद आता है।



**फोटोग्राफर एसोसिएशन ने की गोसेवा**

फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा मकर संक्रांति पर जीवदया सोसायटी गौशाला खाचरोद नाका पर गायों को गुड़ एवं चारा खिलाया ओर पर्व मनाया। इस इस मौके पर गोमाता का पुजन भी किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी संजय बरानीया, सुनील ओरा, विशाल कांठेड़, महेश शर्मा, विजय राठौर, लक्की वर्मा, दर्शन सेनी, मनोहर मेहता, कान्हा टेलर, दिलीप पाटीदार आदि सदस्य उपस्थित थे।